19. समरूपी भिन्नार्थक शब्द

जो शब्द सुनने में समाज हों या लगें परंतु अर्थ की दृष्टि से भिन्न हों, उन्हें समरूपी भिन्नार्थक शब्द कहते हैं। हिंदी भाषा के शब्द भंडार में बहुत से ऐसे शब्द हैं जो सुनने में प्राय: एक जैसे लगते हैं। इन्हें श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द भी कहते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ छात्रों से समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के बारे में जानें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 90-91 पर दिए गए समरूपी भिन्नार्थक शब्दों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ इन शब्दों के अर्थ भी साथ में समझाते जाएँ।
- ❖ प्रत्येक छात्र को वाचन का समुचित अवसर दें।
- ❖ समझाएँ, इन शब्दों की पहचान उच्चारण, वर्तनी एवं प्रयोग से होती है। यदि इन शब्दों का उचित उच्चारण न किया जाए तो अर्थ का अनर्थ संभव है।
- ❖ पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।
- ❖ अभ्यास जाँचें तथा त्रुटि होने पर यथासंभव सुधार करवाएँ।